Girls' High School and College, Prayagraj
Work Sheet No-6
Session-(2020-2021)
Class-2(A-F)

Subject- Hindi (व्याकरण)

Lessons-1-संज्ञा

2-वचन

निर्देश- अभिभावक बच्चों को पाठ को समझायें और अभ्यास को करने में बच्चों की सहायता करें।

1- संज्ञा- किसी भी प्राणी, व्यक्ति, वस्तु, स्थान ,जाति या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

उदाहरण- लड़की, तोता, किताब,हिरन,राजू, लालकिला, स्कूल, बच्चा ,बस आदि।

संज्ञा शब्द मुख्यतः तीन प्रकार के होते हैं-

1- व्यक्ति वाचक संज्ञा- -उदाहरण- श्री कृष्ण, भगतसिंह, इंदिरा गांधी, रामायण, आगरा, कुतुबमीनार आदि।

2-जातिवाचक संज्ञा--उदाहरण -लड़का, बच्चा, लड़की, जानवर,पक्षी, फूल आदि।

3-भाववाचक संज्ञा -उदाहरण-दुख, खुशी,क्रोध,बचपन, बुढ़ापा आदि।

अभ्यास

1-नीचे लिखे शब्दों में से उचित संज्ञा शब्द छाँट कर रिक्त स्थान में भरिए-

[तोता पुस्तक माली डाक्टर
नई दिल्ली श्री नरेन्द्र मोदी यमुना स्कूल]

1-सुनील प्रतिदिन एक______पढ़ता है।

2- हमारे देश के प्रधानमंत्री का नाम __________है।

3- _____हरे रंग का होता है।

4-_____पेड़-पौधों की देखभाल करता है।

5-भारत की राजधानी __________है।

6- दिल्ली ____नदी के किनारे बसी है।

7-मेरी छोटी बहन का ____ घर के पास है।

8- मेरे पिताजी _____ है।

2-अपने आसपास दिखने वाली पाँच वस्तुओं के नाम लिखिए-

उदाहरण-पंखा

1-
2-
3-
4-
5-

2-वचन

परिभाषा - शब्द के जिस रूप से यह पता चले कि वह एक है या अनेक, उसे वचन कहते हैं।

उदाहरण- एकवचन	बहुवचन
एक केला	दो केले
एक संतरा	तीन संतरे
एक पहेली	अनेक पहेलियाँ
एक पतंग	दो पतंगें

वचन के दो भेद होते हैं -

1- एकवचन -शब्द के जिस रूप से यह पता चलता है कि वह संख्या में एक है, उसे एकवचन कहते हैं। उदाहरण- बतख, फूल,माला आदि।

2-बहुवचन-शब्द के जिस रूप से उसके गिनती में अनेक होने का पता चलता है, उसे बहुवचन कहते हैं । उदाहरण- तितलियाँ, अगूठियाँ, खिलौने आदि।

कुछ अन्य एकवचनन और बहुवचन इस प्रकार हैं-

एकवचन	बहुवचन
1-घोड़ा	घोड़े
2-पत्ता	पत्ते
3- ताला	ताले
4-चूहा	चूहे
5-तोता	तोते
6-तारा	तारे

7-कुत्ता	कुत्ते
8-गाय	गायें
9-तरकीब	तरकीबें
10-कथा	कथाएँ
11-माला	मालाएँ
12-बकरी	बकरियाँ
13-बिल्ली	बिल्लियाँ
14-लकड़ी	लकड़ियाँ
15-नदी	नदियाँ
16-लड़की	लड़कियाँ
17-लोमड़ी	लोमड़ियाँ

1-वचन बदल कर लिखो-

उदाहरण-

1- बच्चा बच्चे

2- गुब्बारा गुब्बारे

1- तारे ______

2- खिलौने ______

3- बकरी ______

4- मालाएँ ______

5- ताले ______

2- रिक्त स्थान में उचित वचन लिखिए-

1- आकाश में तीन _______(पतंग, पतंगें) उड़ रहीं हैं।

2- हमारे देश में अनेक______(नदी,नदियाँ) बहती हैं।

3- सुधीर का _____(घोड़ा, घोड़े) तेज दौड़ता है।

4- बच्चों के लिए____(गाय,गायें) का दूध अच्छा होता है।

5- लकड़हारा प्रति दिन ___________(लकड़ी,लकडियाँ) काटने जंगल में जाता था।

END